Australian Government | Australian Charities and Not-for-profits Commission

बाहरी आचरण मानक (एक्सटर्नल कंडक्ट स्टैंडर्ड्स)

ऑस्ट्रेलिया के बाहर काम करने वाली या पैसे भेजने वाली सभी दान-संस्थाओं को, प्रशासन मानकों के अतिरिक्त, चार और नियमों के अनुपालन करने की आवश्यकता है, जिन्हें बाहरी आचरण मानकों के नाम से जाना जाता है। इसमें विदेशों में बहुत कम पैसा भेजने वाली और विदेशों में सेवाएँ प्रदान करने के उद्देश्य से अन्य संस्थाओं के साथ मिलकर काम करने वाली दान-संस्थाएँ भी शामिल हैं।

वे दान-संस्थाएँ जो 'बुनियादी धार्मिक दान-संस्थाओं' के तौर पर वर्गीकृत हैं, उन्हें भी बाहरी आचरण मानकों के अनुपालन करने की आवश्यकता है।

बाहरी आचरण मानक 1 इस बात पर ज़ोर देता है कि कोई दान-संस्था विदेशों में कैसे काम करती है और अपने संसाधनों का प्रबंधन कैसे करती है।

यदि कोई दान-संस्था ऑस्ट्रेलिया के बाहर काम करती है तो उसे वास्तविक तौर पर किसी धर्मार्थ उद्देश्य के लिए काम करने की आवश्यकता है – जैसे कि शिक्षा, धर्म, या पर्यावरण की रक्षा करना – और उसे गैर-लाभ के तौर पर ही संचालित रखे जाने की आवश्यकता है। इसका अर्थ यह है कि दान-संस्था द्वारा कमाए गए पैसों का इस्तेमाल उसके उद्देश्य को पूरा करने के लिए किए जाने की आवश्यकता है, जिसमें दान-संस्था की ओर से काम करने के लिए किसी तृतीय पक्ष को दिया गया पैसा भी शामिल है।

दान-संस्था द्वारा यह भी सुनिश्चित किए जाने की आवश्यकता है कि पैसे सहित उनके सभी संसाधनों का इस्तेमाल ज़िम्मेदारी और ऑस्ट्रेलियाई कानूनों के अनुरूप हो, जो धन शोधन, आतंकवाद वित्तपोषण, गुलामी, लोगों की तस्करी और रिश्वत जैसे मामलों से निपटते हैं।

बाहरी आचरण मानक 2 यह बताता है कि दान-संस्थाओं को विदेशों में अपने काम और पैसों के खर्च का सही रिकॉर्ड रखना ज़रूरी है।

इन रिकॉर्डस में वित्तीय जानकारी—जैसे कि बैंक स्टेटमेंट—और परिचालन जानकारी, जैसे कि दान-संस्था की गतिविधियों के बारे में जानकारी शामिल हो सकती है। यदि कोई दान-संस्था विदेश में किसी अन्य पार्टनर या संस्था के साथ काम करती है, तो उसे इन रिश्तों का भी रिकॉर्ड रखना चाहिए। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि दान-संस्था के पास स्पष्ट वार्षिक सारांश बनाने के लिए यह

जानकारी उपलब्ध हो कि उन्होंने क्या काम किया, कहाँ काम किया, और हर देश में पैसे का इस्तेमाल कैसे किया।

रिकॉर्ड किसी भी अन्य भाषा में रखे जा सकते हैं, लेकिन यह आवश्यक है कि ज़रूरत पड़ने पर उनका अनुवाद आसानी से अंग्रेज़ी भाषा में किया जा सके।

बाहरी आचरण मानक 3 भ्रष्टाचार, धोखाधड़ी और रिश्वतखोरी के जोखिमों को कम करने के बारे में बताता है।

दान-संस्थाओं के पास व्यावहारिक उपाय जैसे कि धोखाधड़ी, भ्रष्टाचार और दुराचरण से सुरक्षा के लिए नीतियाँ और हितों के टकराव को प्रबंधित करने के तरीके होने चाहिए। यदि कोई दान-संस्था विदेशों में किसी अन्य संस्था के साथ काम करती है, तो उसे यह भी जाँचना चाहिए कि वे संस्थाएँ भी धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार को रोकने और हितों के टकराव के प्रबंधन के लिए समान कदम उठा रही हैं।

बाहरी आचरण मानक 4 इस बात पर जोर देता है कि यदि दान-संस्था विदेशों में काम करती है - तो इसका ध्यान कमजोर लोगों पर केंद्रित हो - ऐसे लोग जिन्हें सुरक्षित रहने के लिए अतिरिक्त सहायता की आवश्यकता हो सकती है, जैसे कि बच्चे, वृद्धजन और विकलांग लोग।

इसमें दान-संस्था से सहायता प्राप्त करने वाले और संस्था के साथ काम करने वाले या स्वयं सेवा करने वाले लोग शामिल हैं। कोई व्यक्ति उम्र, बीमारी, विकलांगता, सदमा या किसी अन्य समस्या के कारण कमज़ोर हो सकता है। कारण चाहे जो भी हो, दान-संस्था को कमज़ोर लोगों की सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाने और सभी गतिविधियों में उनकी सुरक्षा को सुनिश्चित करने की आवश्यकता है।

[हिन्दी] में और अधिक जानकारी पाने के लिए, आप अनुवाद और दुभाषिया सेवा को 13 14 50 पर कॉल कर और उनसे ACNC को 13 22 62 पर कॉल करने के लिए कहकर हमसे संपर्क कर सकते/सकती हैं।